increase. Since Delhi Vidyut Board and Badarpur Thermal Power Station are supplying electricity to the Capital it has not been possible to take drastic action against them as this could have disrupted electricity generation and supply to the Capital.

Completion of Railway Line from Angul to Duburi in Orissa

1225. SHRIMATI JAYANTI PATNAIK: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether any target date has been fixed for the completion of the railway-line from Angul to Duburi in Orissa;

(b) whether the line is proposed to be further extended to Paradip via Haridaspur;

(c) if so, the details of plan of Government in that regard; and

(d) the steps taken to expedite the allocation of fund?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) No, Sir.

(b) and (c) No, Sir, this new line is being provided from Angul (Budhapank) to Sukinda Road via Dubri. A new line is also being Provided from Haridaspur to Paradeep and once both these lines are completed, Dubri will have connection to Paradeep via Sukinda Road, Jakhapura, Haridaspur.

(d) Rs. 10 lakhs have been allocated for Angul - Sukinda Road new line project during supplementary Budget, 1997-98 and would be increased in the coming years as the work progresses and as per availability of resources.

शाहगंज-आजमगढ़-मऊ रेल लाइन से होकर नई रेलगाड़ियां शुरू किया जाना

1226. **श्री राम गोपाल यादव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने शाहगंज-आजमगढ़-मऊ रेल लाइन से होकर दिल्ली, कलकत्ता, मुम्बई तक रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो यह रेलगाड़ियां कब से चलेंगी और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने मऊ से लखनऊ तक प्रतिदिन वरुणा या इंटरसिटी जैसी रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है जिससे यात्रियों को मऊ-लखनऊ तक शीघ्र यात्रा करने में सुविधा हो सके?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान): (क) 4649/4650 दिल्ली-दरभंगा सरयू यमुना एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन बार) 1.8.97 से मऊ-आजमगढ़-शाहगंज खंड से दिल्ली तक सीधी सेवा उपलब्ध करा रही है। बहरहाल, इस खंड के रास्ते कलकत्ता और मुम्बई की ओर गाड़ियां चलाना संभव नहीं होगा, क्योंकि इससे यात्रा करने में अधिक समय और किराया लगेगा।

(ख) जी नहीं।

ऊना रेलवे स्टेशन का बन्द होना

1227. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश स्थित ऊना रेलवे स्टेशन को बन्द करने के निर्देश दिए हैं;

(ख) यदि हां, तो यह निर्देश कब और किन कारणों से जारी किए गए थे; और

(ग) यह स्टेशन कब स्थापित किया गया था?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान): (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) ऊना रेलवे स्टेशन 11.01.91 से खोला गया था।

अप्रयुक्त रेलवे भूमि

1228. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे की हजारों एकड़ फालतू पड़ी ऐसी भूमि जिस पर अनेक लोगों ने कब्जा कर रखा है और जिसका कुछ भाग अप्रयुक्त पड़ा है, के सदुपयोग के लिए रेल विभाग द्वारा कोई योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और